MMRCL का दावाः मॉनसून से निपटने को तैयार

15 इमरजेंसी वाहनों की व्यवस्था | 428 पंप साइट पर लगाए

■ **वसं, मुंबई :** मानसून के दस्तक देने के साथ ही मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) ने जलभराव की समस्या से निपटने की तैयारी कर ली है। एमएमआरडीए और म्हाडा की तरह एमएमआरसीएल ने भी आपात स्थितियों के लिए एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। मुंबई के विभिन्न स्थानों पर जारी मेट्रो 3 कॉरिडोर के निर्माण स्थान पर जलभराव की समस्या से निपटने के लिए 428 पंप और 15 आपातकालीन सेवा वाहनों की व्यवस्था की है। कोलाबा-बांद्रा-सिप्ज के बीच 33.5 किमी लंबा मेट्रो का भूमिगत मार्ग तैयार किया जा रहा है। मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो के लिए करीब 85 प्रतिशत टनल निर्माण का काम पूरा कर लिया गया है। 26 मेट्रो स्टेशनों का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। मेट्रो 3 मुंबई के कई प्रमुख सड़कों और इलाकों से होकर गुजरने वाली है। बारिश के दौरान जलभराव की समस्या को ध्यान में रखकर विभिन्न स्थानों पर पंप की व्यवस्था की गई है, ताकि कॉरिडोर के निर्माण कार्य की वजह से लोगों जलभराव की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।